
# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 13



@resultmitra

www.resultmitra.com

# भारत का 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान

सरकार ने 33 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 347 प्राथमिकता वाले जिलों जिलों में 100- दिवसीय गहन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरु किया है।

## अभियान का उद्देश्य

* अज्ञात टीबी मामलों की पहचान कर उपचार प्रदान करना।
* टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाना।
* नए संक्रमणों को रोकने के लिए नवीन दृष्टिकोण अपनाना।

- भारत वैश्विक औसत से अधिक गति से SDG लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है।
- टीबी मामलों में 16% की गिरावट
- टीबी से मृत्यु दर में 18% की कमी (Global TB Report 2023)

* छूटे हुए टीबी मामलों की शीघ्र पहचान
* संक्रमण के प्रसार को रोकना।
* समुदायों को टीबी मुक्त बनाना

* HIV रोगी
* मधुमेह पीड़ित
* कुपोषित व्यक्ति
* धूम्रपान और शराब सेवन करने वाले।

## प्रमुख कार्य

- प्रारंभिक टीबी उपचार उपलब्ध कराना
- जोखिम कारकों का प्रबंधन
- टीबी निवारक उपचार TPT सुनिश्चित करना।

टीबी हारेगा देश जीतेगा

# भारत का 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान

भारत में टीबी की स्थिति और अभियान की आवश्यकता
WHO की 2023 ग्लोबल टीबी रिपोर्ट के अनुसार:
भारत में हर साल 27 लाख (2.7 मिलियन) लोग टीबी से संक्रमित होते हैं।
टीबी से होने वाली मौतों की संख्या – लगभग 4.5 लाख प्रति वर्ष।
वैश्विक टीबी मामलों में भारत की हिस्सेदारी 26% है।

**टीबी से सबसे अधिक प्रभावित राज्य:**

उत्तर प्रदेश
बिहार
महाराष्ट्र
मध्य प्रदेश
राजस्थान
पश्चिम बंगाल

विशेष ध्यान देने वाले क्षेत्र:

कुपोषित बच्चे और महिलाएँ
HIV और डायबिटीज़ मरीज
झुग्गी-बस्तियों और दूरदराज़ के ग्रामीण क्षेत्र

Result Mitra



# भारत श्रीलंका और मत्स्यपालन संबंधी विवाद-

श्रीलंका की सेना ने 8 फरवरी को मन्नार के उत्तर में कथित अवैध मछली पकड़ने के आरोप में तमिलनाडु के 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो ट्रॉलर जब्त किए।

- इस साल अब तक 77 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किये जा चुके हैं
- सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024 में श्रीलंका में गिरफ्तार भारतीय मछुआरों की संख्या 10 वर्षों में पहली बार 500 पार (528) हो गई।
- वर्ष 2014 में यह संख्या 787 थी।
- पाकिस्तान, बांग्लादेश, सऊदी अरब और कतर की तुलना में श्रीलंका में भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी दर अधिक है




13|Feb|P2

# मध्यप्रदेश को क्यों कहा जाता है। निवेश अवसरों का कुंभ

- समृद्ध अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियादी ढाँचा, निवेशक अनुकूल नीतियाँ
- पर्यटन फार्मास्युटिकल्स, वाहन, खनन, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उभरता केंद्र।
- निवेश प्रोत्साहन योजना के चलते तेजी से निवेश आकर्षित करने वाला राज्य

**उद्देश्य** -
* राज्य की आर्थिक क्षमता का प्रदर्शन
* मध्यप्रदेश के निवेश माहौल को बढ़ावा देना।
* 5000+ किमी. के राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क

प्रमुख खनिज :- कोयला, हीरा, ताँबा, लौह अयस्क, ग्रेफाइट

## प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र

- कृषि और खाद्य प्रसंस्करण
- आईटी / आईटीईएस
- पर्यटन और कपड़ा उद्योग
- भंडारण और लॉजिस्टिक्स
- ऑटोमोबाइल
- रक्षा और वैमानिकी क्षेत्र

# गुरु रविदास - एक महान समाज सुधारक

गुरु रविदास जयंती संत, कवि और समाज सुधारक गुरु रविदास जी की जयंती के रूप में मनायी जाती है।

- 2025 में यह पर्व 12 फरवरी को पड़ेगा।

जन्म - 1377 ईस्वी सीर गोवर्धन, उत्तरप्रदेश

- उन्हें रायदास रोहिदास और रूहिदास के नाम से भी जाना जाता है
- भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत जिन्होंने समानता प्रेम और परमात्मा की भक्ति का प्रचार किया।
- उनके कई भजन सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रन्थ साहिब में संकलित है।
- प्रमुख शिष्या - मीरा बाई



Result Mitra

# राजनीति का अपराधीकरण

राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक रिपोर्ट जारी की

- लोकसभा के 543 में से 251 सांसद (46%) आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं
- इनमें से 170 सांसदों पर गंभीर अपराध दर्ज हैं
- सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश
  - चुनाव लड़ने वाले अपराधियों (प्रत्याशियों) को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि और सम्पत्ति का खुलासा करना अनिवार्य
- लिली थॉमस मामला (2013)
- दोष सिद्ध होते ही सांसदों और विधायकों की सदस्यता तत्काल समाप्त

## राजनीति में अपराधीकरण का प्रभाव

- राजनीतिकरण
- चुनाव परिणामों में हेरफेर की आशंका
- राजनीतिक मूल्यों का ह्रास
- भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग में वृद्धि
- नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रता का हनन
- लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर संकट
- जनता का लोकतंत्र से विश्वास कम होना

13/Feb/P5

@resultmitra www.resultmitra.com

# मानव मस्तिष्क में तेजी से बढ़ता हुआ माइक्रोप्लास्टिक

वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के ऊतकों में माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक (MNP) की उपस्थिति दर्ज की है।

- हवा, पानी और भोजन में मौजूद कण अब मानव ऊतकों में पाए गए हैं।

- 2016 से 2024 के बीच MNP सांद्रता में 50% वृद्धि देखी गई।

- विशेषज्ञों का कहना है कि यह किराने की थैलियों, प्लास्टिक बोतलों और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं से उत्पन्न हो सकते हैं।



